# दो चहेते अधिशाषी अभियंता रोकने के लिए हाऊसिंग बोर्ड ने तीन दूसरे एक्स.ई.एन. रिलीव कर दिए?

## ट्रांसफर के ढाई माह बाद भी हाउसिंग बोर्ड से कुर्सी नहीं छोड़ रहे इंजीनियर्स, जलदाय विभाग इनके आगे नतमस्तक !

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जलदाय विभाग से प्रतिनियुक्ति पर राजस्थान हाउसिंग बोर्ड में सेवाएं दे रहे 2 इंजीनियर्स ट्रांसफर के ढाई माह बाद भी कुर्सी छोड़ने को राजी नहीं है। मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की नाराजगी के बावजूद जलदाय विभाग भी इनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं ले रहा है। जबकि जलदाय मंत्री जनवरी में ट्रांसफर के बावजूद रिलीव नहीं होने वाले अफसरों की सूची भी मांग चुके है। इसके बाद गत 4 मार्च को अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए.सावंत ने भी आदेश जारी कर अनुपालना रिपोर्ट अतिशीघ्र भेजने के लिए कहा था, परन्तु आगे सब नतमस्तक हो गए।

इसी बीच 24 मार्च को राजस्थान आवासन मंडल सचिव ने इन दोनों इंजीनियर्स रामनिवास सिंघल और लखन सिंह मीणा को रिलीव करने के बजाय 3 दूसरे एक्सईएन (अधिशाषी अभियंता) रिलीव कर दिया। आवासन सचिव डॉ. अनिल कुमार पालीवाल ने आदेश जारी कर एक्सईएन गीताराम मीणा, सुदर्शन दयाल और रामकेश मीणा की प्रतिनियुक्ति सेवाएं रद्द की है। इस आदेश में कहा गया कि जलदाय विभाग के इन अधिशाषी अभियंताओं की सेवाओं की राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को जरुरत नहीं है, इसलिए 24 मार्च के पश्चात इन्हे मंडल से कार्यमुक्त किया जाता है। अब यह तीनो एक्सईएन अपनी उपस्थिति अपने मूल विभाग जलदाय विभाग में देंग।

इस आदेश के बाद हाउसिंग बोर्ड में अलग अलग चर्चाएं छायी हुई है, अफसर दबी जबान में कह रहे है कि, आवासन मंडल प्रशासन राम निवास सिंघल और लखन सिंह मीणा को यथावत रखने के लिए यह पूरा कारनामा कर रहे है, ताकि बाद में इंजीनियर्स की कमी बताकर इन दोनों को रिलीव होने से रोका जा सके।

उधर जलदाय विभाग इस पूरे मामले में चुप्पी साधे बैठा है, ऐसे में

- **जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी भी मांग चुके हैं जनवरी में ट्रांसफर के बावजूद रिलीव नहीं होने वाले अफसरों की सूची**
- **गत 4 मार्च को अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए.सावंत ने भी आदेश जारी कर अनुपालना रिपोर्ट अतिशीघ्र भेजने के लिए कहा था**

सवाल उठ रहा है कि जलदाय विभाग को अंगूठा दिखाकर फजीहत करने वाले इन इंजीनियर्स को किसकी शह पर बचाया जा रहा है। जब जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर सावंत जनवरी माह में तबादला के बाद रिलीव नहीं होने वाले अफसरों पर कार्रवाई की बात कह चुके है तो आखिर यह पूरा खेल कौन खेल रहा है।

गौरतलब हैं कि गत 15 जनवरी को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के संयुक्त शासन सचिव (प्रथम) प्रवीण कुमार लेखरा ने आदेश जारी कर 234 अधिकारियों का तबादला किया था, जिनमें अधिशासी अभियंता और सहायक अभियन्ता शामिल थे। इस आदेश के बावजूद करीब आधे इंजीनियर्स ने अपनी कुर्सी नहीं छोड़ी और जलदाय विभाग के ट्रांसफर आदेशों को ही मानने से इंकार कर दिया। इनमे राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिशासी अभियंता रामनिवास सिंघल और लखन सिंह मीणा भी शामिल थे। सिंघल को आरयूआईडीपी में तथा लखन सिंह मीणा को जल जीवन मिशन जयपुर में कार्यालय मुख्य अभियंता प्रथम के पद पर लगाया गया था, परंतु दोनों अफसर अभी भी यही कार्यरत है।

हैरानी बात यह है कि इस तबादला आदेश को 2 माह बीतने के बावजूद भी राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड ने दोनों अफसरों को रिलीव नहीं किया। इसी बीच अधिशासी अभियंता रामनिवास सिंघल ने जलदाय विभाग को आँखे दिखाते हुए तबादला आदेश के खिलाफ ''राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर'' में अपील दायर कर दी। इसमें सिंघल की ओर से कहा गया कि, वह राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं और जलदाय विभाग ने उनका तबादला आरयूआईडीपी में करने से पूर्व उनसे सहमति प्राप्त नहीं की, जो की गलत है। इस पर ट्रिब्यूनल अध्यक्ष विकास सीतारामजी भाले ने जनवरी माह के आदेश पर स्टे दे दिया, परन्तु उन्होंने साथ में यह भी कहा कि जलदाय विभाग नियमानुसार नए सिरे से स्थानांतरण करने के लिए स्वतंत्र हैं, जिसमे यह स्थगन आदेश बाधक नहीं होगा।

उधर रामनिवास सिंघल ने जब राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड की कुर्सी नहीं छोड़ी तो उनके साथी अभियंता लखन सिंह मीणा ने भी जलदाय विभाग के आदेश को मानने से इंकार कर दिया। इस पूरे प्रकरण के बीच राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा रहा। जबकि नियमानुसार जिस दिन तबादला आदेश जारी हुआ था, उसके अगले ही दिन इन दोनों अफसरों को रिलीव किया जाना था। परन्तु उच्चाधिकारियों की शह पर यह पूरा खेल होता रहा। इसी बीच 24 मार्च को राजस्थान आवासन मंडल सचिव ने इन दोनों इंजीनियर्स रामनिवास सिंघल और लखन सिंह मीणा को रिलीव करने के बजाय 3 दूसरे एक्सईएन गीताराम मीणा, सुदर्शन दयाल और रामकेश मीणा की प्रतिनियुक्ति सेवाएं रद्द की है।

हांलाकि अब जलदाय मंत्री द्वारा संज्ञान लेने के बाद जनवरी माह के तबादला आदेशों की पालना नहीं करने वाले इंजीनियर्स पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

## बनीपार्क सेटेलाइट हॉस्पिटल में निःशुल्क दवा योजना का निरीक्षण

**जयपुर।** मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के सुचारू संचालन को लेकर राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने राजकीय सेटेलाइट चिकित्सालय, बनीपार्क स्थित औषधि भण्डार गृह तथा दवा वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने इंटीग्रेटेड हैल्थ मैनेजमेंट सिस्टम से संबंधित सॉफ्टवेयर की कार्यप्रणाली को जांचा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गिरि ने कहा कि निःशुल्क दवा योजना के अन्तर्गत उपलब्ध कराई जा रही राशि महंगी औषधियों की खपत का रोगीवार विवरण का परीक्षण करवाया जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थान में स्थापित दवा वितरण केन्द्र हेतु औषधियों का फास्ट एवं स्लो मूविंग के आधार पर वर्गीकरण कर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# आतिश मार्केट के सामने बनी नई सड़क हाथ से उखड़ रही

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन 5 में नई बन रही सड़क निर्माण की क्वालिटी इस कदर घटिया है कि नई बनी सड़क हाथ से ही उखड़ रही है। सड़क बनाने में जो मेटेरियल इस्तेमाल हो रहा है उसमें पूरी तरह डामर भी नहीं डाली जा रही है। बिटुमिन कंक्रीट की मोटाई भी इतनी कम है कि सड़क बनाने के बाद हाथ से ही उखड़ने लगी है जबकि मौके पर बनी हुई पुरानी सड़क नई से भी मजबूत है।

### मिलिंग भी आधी अधूरी हटाई

सड़क बनाने के लिए ठेकेदार को पुरानी सड़क हटानी थी। इसके लिए मिलिंग किया जाता है। मशीन से पूरी परत हटा दी जाती है जिससे नई सड़क ढंग से बन सके। सड़क बनाने में मिलिंग की जाती है, ताकि सड़क की सतह को समतल और चिकना बनाया जा सके। इससे सड़क की सुरक्षा और आयु बढ़ती है। साथ ही, मिलिंग से सड़क की सतह की खुरदरापन बढ़ती है, जिससे फिसलन कम होती है मौके पर पूरी तरह से डामर वाली पुरानी सड़क नहीं हटाई। मिलिंग इसलिए भी की जाती है कि सड़क पर बार बार बिटुमिन कंक्रीट डालने से वह फुटपाथ और डिवाइडर के लेवल से भी अधिक हो जाती है। इस कारण पुरानी सड़क का नवीनीकरण करने से पहले मिलिंग कर उसे हटाया जाए जिससे लेवल बना रहता है।

### हाथ से उखड़ रही है डीबीएम

सड़क पर मिलिंग होने के बाद डीबीएम 50 एमएम डालनी थी जो नहीं डाली। डीबीएम में डामर भी मामूली सी थी जो हाथ से ही उखड़ रही है। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इतनी कम मात्रा में डामर डाली गई है कि हाथ से ही उखड़ रही है। स्थानीय व्यापारियों ने आतिश मार्केट के सामने हुई डीबीएम की व्रीडियो भी बनाई है, जिसमें साफ तौर पर सड़क हाथ से उखड़ती दिख रही है। डीबीएम में डामर की मोटाई भी निर्धारित मात्रा में नहीं की जा रही है।

### ये काम आता है डीबीएम

सड़क बनाने में डीबीएम (डेंस बिटुमिन मैकाडम) का इस्तेमाल आधार कोर्स के तौर पर किया जाता है. यह मज़बूत और टिकाऊ होता है. डीबीएम का इस्तेमाल सड़कों, ड्राइववे, और पार्किंग की जगहों के लिए किया जाता है। इसके बाद मजबूती के लिए बिटुमिन कंक्रीट (बीसी) की जाती है। मौके पर गोकुलनाथ कंस्ट्रक्सन के डंपर दिखाई दिए जो डीबीएम करते नजर आए। इसके साथ ही मौके पर सेंसर लगा कर डामर नहीं की जा रही थी जिससे डामर की मोटाई निर्धारित मात्रा में नहीं थी।

### नई से ज्यादा पुरानी मजबूत

जेडीए की यहां पुरानी सड़क बनी हुई है जो नई से भी मजबूत है। ठेकेदार फर्म को पुरानी सड़क हटाने में भी जोर आ गया उसने भी आधी अधूरी सड़क हटाई है। नई सड़क में मामूली से गड्ढे है जो रोड कट रिपेयर में भी ठीक हो सकते हैं। नई डामर करने में रोलर भी नहीं चलाया गया जिससे आतिश मार्केट के सामने सड़क बिखरने लगी है। आतिश के सामने इस तरह सड़क पर बिखरी हुई रोडी साफ नजर आ रही है।

# दिन की फरारी के बाद लुटेरा गिरफ्तार, लूट की चांदी और पिस्टल बरामद

**जयपुर।** पुलिस ने 63 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद किशोरपुरा रोड हाथोज में ज्वेलरी शॉप में हुई सनसनीखेज लूट का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने लूट के मुख्य आरोपी राहुल रेवाड़ को गिरफ्तार कर लूटी गई 300 ग्राम चांदी और वारदात में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है। गिरफ्तारी आरोपी राहुल रेवाड़ (22) निवासी खतवाड़ी कला फुलेरा का रहने वाला है।

जयपुर (पश्चिम) पुलिस उपायुक्त अमित कुमार ने बताया कि शहर में बढ़ती लूट, चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल व सहायक पुलिस आयुक्त सुरेंद्र सिंह राणावत के सुपरविजन में थाना कालवाड़ और जिला विशेष टीम की संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि 18 जनवरी 2025 की रात 8रू45 बजे किशोरपुरा रोड स्थित एक ज्वेलरी शॉप में दो नकाबपोश बदमाश घुसे। एक ने दुकान मालिक को पिस्टल दिखाकर धमकाया, जबकि दूसरा तिजोरी की ओर बढ़ा। दुकानदार ने हिम्मत दिखाते हुए उनका विरोध किया, लेकिन बदमाश बैग छीनकर फरार हो गए, जिसमें में 300 ग्राम चांदी, एक मोबाइल, तिजोरी की चाबी आदि सामान था। इस पर पुलिस पीडित थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूट की 300 ग्राम चांदी बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल और मैगजीन भी पुलिस ने जब्त की। पुलिस जांच में सामने आया कि फरारी के दौरान राहुल रेवाड़ अपने फूफा कुशलाराम (47) के घर हरिपुरा, दांतारामगढ़ (सीकर) में छिपा था। पुलिस ने उसे भी आरोपी बनाया है। अब पुलिस लूट के अन्य आरोपियों और फरारी के दौरान मदद करने वालों की तलाश कर रही है।

### सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

**जयपुर।** एयरपोर्ट थाना इलाके में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर एक युवक से साढ़े सात लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है।

पुलिस के अनुसार जगतपुरा निवासी अभिषेक जैन ने मामला दर्ज करवाया कि श्रीनिवास चौबे ने उसे सरकारी नौकरी लगाने का झांसा दिया और उससे कई बार में साढ़े सात लाख रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद भी आरोपियों ने उसे नौकरी नहीं लगवाई। ठगी का अहसास होने पर पीडित थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 777 गैंग के दो और गैंगस्टर गिरफ्तार

**जयपुर।** संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 777 गैंग के दो और गैंगस्टर को गिरफ्तारकर उसने पास से धारदार हथियार भी जब्त किए गए है। इस गैंग के मुख्य सरगना सहित चार गैंगस्टर को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

दोनों आरोपियों से एक और फरसानुमा कुल्हाडी बरामद की है और दोनों गैंग में पिछले 6 माह से गैंगवार चल रही है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है जिनके और भी कई वारदातों की खुलने की संभावना है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि ड्रडी डोगरा ने बताया कि संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 777 गैंग के दो और गैंगस्टर आसिम कुरेशी उर्फ मोटा निवासी माणक चौक जयपुर और फैजान उर्फ अण्डा निवासी सुभाषचौक जयपुर को गिरफ्तार किया है। दोनो गिरफतार आरोपितों के कब्जे से एक फरसेनुमा कुल्हाडी भी बरामद की है। आरोपित फिरोज हत्या के प्रयास के प्रकरण में दौसा से फरार चल रहा था।

## नकली पार्सल देकर धोखाधड़ी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सेकेण्ड करेंसी एक लाख के पांच गुना देने का बहाने कर नकली पार्सल देकर धोखाधडी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकली पार्सल देकर धोखाधडी करने वाले आफताब खान निवासी बीकानेर हाल झोटवाडा जयपुर,फरियाद अली निवासी झुन्झुनू हाल झोटवाडा जयपुर और महेन्द्र सिंह शेखावत निवासी सीकर हाल कालवाड़ जयपुर को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम आलोक सिंघल ने बताया कि परिवादी खेमचंद सोनी ने सिंधी कैंप थाने में मामला दर्ज कराया था कि उसके मोबाइल पर इंस्टाग्राम आईडी नॉटी बॉय राजनी के नाम से बना रखी है जिस पर मैसेज आया उसको लाइक करने पर उसके वाट्सएप नम्बर आये। फिर उसने उस व्हाट्सएप नम्बर पर बात कि तो उसने उसे बताया कि उसके पास सेकेण्ड करेंसी है और एक लाख के पांच गुना देने को कहा। इस पर परिवादी के पास दो लड़के एक्टिवा से आये और परिवादी से पच्चीस हजार रुपये लेकर पैकिंग पार्सल दे दिया उसको चेक करने पर उसमें साबुन की बटटीयां पायी गयी। जिस जिस पर उसके भाई विनोद ने उसके द्वारा बताए गए मोबाइल पर आगरा का बनकर वाट्सएप कॉलिंग पर बात की तो उन लोगों ने उसके भाई विनोद को भी अपने पास सेकेण्ड करेंसी होने व एक के पांच गुना देने की बात कही। जिस पर उसके भाई ने उन लोगों ने सैम्पल देने के लिए उसके विनोद को सिंधी कैंप के पास बुलाया। सिंधी कैंप आने पर थोडी देर बाद एक लड़का वही एक्टिवा पर आया। पीड़ित के भाई को सैम्पल पैकेट देकर एक के पांच देने की कहकर बोला कि आपके पास कितने रुपये है तो उसके भाई ने कहा कि 80 हजार देने की कही तो उसने कहा कि हम आपको 4 लाख सेकेण्ड करेंसी देंगे और वह सेकेण्ड करेंसी लाने व रुपये तैयार रखने की कहकर चला गया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को चिन्हित करते हुए पकड़ा।

# राजस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के सशक्त केंद्र बन रहे हैं पीएमश्री विद्यालय

**जयपुर।** नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत विकसित विद्यालय, जहां नवाचार, तकनीक और संस्कार के साथ उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है, वह है पीएमश्री विद्यालय। भारत सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में पीएमश्री विद्यालय (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के अंतर्गत देशभर में ऐसे उत्कृष्ट विद्यालय विकसित किए जा रहे हैं, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकरणीय विद्यालय के रूप में विकसित केंद्र बनें।

राजस्थान में भी पीएमश्री विद्यालय योजना शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्याय जोड़ रही है। पीएम श्री स्कूल में 21वीं सदी के कौशल को विकसित करने पर जोर दिया जाता है, जिसमें संवैधानिक मूल्य, भारत का ज्ञान आलोचनात्मक सोच, समस्या समाधान, डिजिटल साक्षरता और प्रभावी संचार जैसे कौशल शामिल हैं, ताकि छात्र आधुनिक दुनिया के लिए तैयार हो सकें। साथ ही पीएम श्री स्कूलों में, शिक्षा को बेहतर बनाने और बच्चों के लिए एक समावेशी वातावरण बनाने के लिए, आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे

अनुपमा जोरवाल

हैं। ग्रीन स्कूल अवधारणा को यथार्थ रूप देने के लिए सौलर पैनल, किचन गार्डन स्थापित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों व शिक्षकों में नवाचार, विचार व उद्यिमता को बढ़ाने के लिए वर्कशॉप, बूटकेम्प आदि का आयोजन किया जाता है। प्रधानाचार्य व शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी संस्थानों में प्रशिक्षित किया जाता है।

पीएमश्री विद्यालय केवल पढ़ाई-लिखाई तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यहां विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा, जीवन

- **पीएमश्री योजना में चयन के लिए स्कूलों के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी**

कौशल,पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और संस्कारों की भी शिक्षा दी जाती है।

विद्यार्थियों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया जाता है। पढ़ाई के साथ-साथ आधुनिक तकनीक, सांस्कृतिक धरोहर, वैभवशाली इतिहास की जानकारी एक्सपोजर विजिट के माध्यम से रोचक तरीके से प्रदान की जाती प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चयनित विद्यालयों को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर अनुकरणीय विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है।

ये विद्यालय स्मार्ट क्लासरूम, आईसीटी लैब्स, अटल लैब्स, अत्याधुनिक विज्ञान और गणित प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, खेलकूद के मैदान और डिजिटल लर्निंग जैसे संसाधनों से परिपूर्ण हैं ताकि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों के बच्चों को भी उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ हो सके। है। राजस्थान में भी पीएमश्री विद्यालय योजना शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्याय जोड़ रही है। इसका उद्देश्य ऐसे विद्यार्थी तैयार करना है, जो कि 21 वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार रहे तथा प्रत्येक विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाए।

### इनका कहना है

''पीएमश्री योजना में चयन के लिए प्रदेश के बेंचमार्क विद्यालयों द्वारा पीएमश्री पोर्टल पर स्व आवेदन किया जा रहा है। आवेदन उपरांत जिला नोडल अधिकारी द्वारा सत्यापन एवं तत्पश्चात राज्य स्तर पर सत्यापन किया जाएगा। अंतिम चयन शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जाना है। पीएमश्री योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 27 मार्च, 2025 है।' अनुपमा जोरवाल, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद।

## इंस्टाग्राम पर विज्ञापन और यूट्यूब पर सीरियल देखकर सीखी साइबर ठगी

**जयपुर।** देशभर में 12 से ज्यादा साइबर ठगी करने वाले दो ठगों को विद्याधर नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये दोनों ठग पिछले 9 महीने से एक युवती के साथ साइबर ठगी कर 6 लाख रुपए ले चुके थे। दोनों से पूछताछ में सामने आया कि इंस्टाग्राम औ यूट्यूब से ठगी का तरीका सिखा था।

पुलिस ने सौरभ कासोटिया (22) और नेमीचंद (25) को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि इनके खिलाफ देशभर में 12 से ज्यादा मामले दर्ज है। ये आरोपी फर्जी सिम से ठगी कर उसे तोड़ दिया करते थे। दोनों ने ठगी के लिए इंस्टाग्राम पर जेजे कलेक्शन और कुर्ती हब के नाम से पेज बना रखा था। जहां कम रुपए में अच्छा मेटेरियल देने का लालच देकर ये पूरा स्कैम करते थे। एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि 24 मार्च को दया शंकर गुप्ता ने विद्याधर नगर थाने में उनकी बेटी के साथ हुए साइबर फ्रॉड की रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि 1 जुलाई 2024 को उनकी बेटी ने इंस्टाग्राम के एक पेज से 700 रुपए का कुर्ता ऑर्डर किया था। इसके बाद धोखाधड़ी करने वाले बदमाशों ने जीएसटी चार्ज के नाम 1700 रुपए की मांग की। इसके बाद इन्होंने जुर्माना, कानूनी नोटिस और झूठे आरोप लगाकर धमकाना शुरू किया। झूठा दावा किया गया कि इन सब की वजह से उनके बेटे की मौत हो गई है। इसके बाद वह पुलिस कार्रवाई के नाम रुपए लेते रहे।

शेखावत ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई। पीड़ित की ओर से दिए बदमाशों के 24 से अधिक मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल निकाल कर उस पर काम करना शुरू किया। इसके बाद आरोपियों के बारे में पता चला। टीम ने झालाना डूंगरी की कच्ची बस्ती से सौरभ और सिद्धार्थ नगर कानोता से नेमीचंद को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में सौरभ ने बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर जेजे कलेक्शन और कुर्ती हब नाम से दो अलग-अलग पेज बनाकर साइबर ठगी शुरू की। दोनों मिलकर ऑनलाइन शॉपिंग में कम रेट के कपड़े देकर लोगों को जाल में फंसाते थे। इतना ही नहीं दोनों बदमाश लोगों को झूठे केस में फंसाकर ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठ लिया करते थे। इसके बाद इन्हें अलग-अलग खाते में ट्रांसफर कर इन्हें बंद करवा देते थे।

## सार-समाचार

### 'कृषक कल्याण से साकार हो रहा समृद्ध राजस्थान का सपना'

**जयपुर।** विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने में प्रदेश के किसानों की भूमिका बेहद अहम है। किसान देश के अन्नदाता हैं, किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। यह कहना है जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा का। रमा देवी ने यह बात हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन अकादमी के भगवत सिंह मेहता सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया, जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद किसानों और जनप्रतिनिधियों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देखा। बीकानेर में हुए किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम में 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान हस्तान्तरण किया गया। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त पूनम, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड सहित कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिले के प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री करेंगे पुलिस के 150 नए वाहनों का लोकार्पण

**जयपुर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत आयोजित हो रहे विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को सुरक्षा एवं सुगमता का संकल्प समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पुलिस के 150 नए वाहनों का लोकार्पण करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री शर्मा जवाहर सर्किल पर सुबह 10 बजे पुलिस थाना वाहन, पुलिस फील्ड अधिकारियों के वाहन, सड़क सुरक्षार्थ हाईवे रेस्क्यू वाहन, मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट वाहन तथा ट्रूप कैरियर वाहन का लोकार्पण करेंगे।

### पीआरओ बनवारी लाल यादव को पीएचडी

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की ओर से बनवारी लाल यादव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अध्ययनरत यादव ने अपना शोध कार्य 'कृषक चेतना और टी. वी. कार्यक्रम: जयपुर जिले के संदर्भ में एक मूल्यांकनात्मक अध्ययन' विषय पर किया है। उन्होंने यह शोध कार्य प्रो. राजन महान के निर्देशन में किया है। यादव वर्तमान में राज्य के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में जनसम्पर्क अधिकारी (पीआरओ) के पद पर कार्यरत हैं।

### समग्र विचार मंच 30 मार्च को नववर्ष व राजस्थान दिवस का आयोजन करेंगे

**जयपुर।** समग्र विचार मंच द्वारा पिछले 25 वर्ष से चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को भारतीय नव वर्ष का भव्य आयोजन कर रहे है, समग्र विचार मंच सरदार वल्लभ भाई पटेल की राजस्थान एकीकरण दिवस भावना के अनुरूप ही राजस्थान दिवस का आयोजन भी वर्ष प्रतिपदा पर ही मनाये जाने की माँग करता आ रहा था।समग्र विचार मंच प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार, अभिनन्दन व धन्यवाद करता है कि प्रदेश सरकार ने सांस्कृतिक जन भावना का सम्मान करते हुए ऐतिहासिक तथ्य को सार्थक कर राजस्थान दिवस आयोजन भी नववर्ष प्रतिपदा से ही आयोजित करने का निर्णय लागू किया गया है। मंच में सुनील कोठारी ने बताया कि समग्र विचार मंच इस वर्ष भी हर वर्ष की भाँति प्रतिपदा को 30 मार्च को प्रातः 8.30 बजे श्री गोविंद देव जी प्रांगण में महन्त जी से गज पूजन करवाकर बैंड-शहनाई वादन, पुष्प वर्षा के साथ पारिवारिक जन भागीदारी से भारतीय नव वर्ष व राजस्थान दिवस का समारोह आयोजित करेंगे।

### प्रेम दत्त माथुर की देह दान



**जयपुर।** प्रेमदत्त माथुर के निधन होने के बाद उनकी त्वचा को राजेश गोयल और एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के प्लास्टिक सर्जरी विभाग की टीम द्वारा को दिया गया और उनकी देह को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर के एनाटॉमी विभाग को शोध और अध्ययन के उद्देश्यों के लिए सौंपा गया। डॉ. राकेश जैन और एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के प्लास्टिक सर्जरी विभाग की टीम, डॉ. दीपक माहेश्वरी, प्रिंसिपल एवं कंट्रोलर, डॉ.राजेश अरोरा, एच ओ डी, डॉ. सीमा गुप्ता, , डॉ. नन्द लाल, डॉ. रिंसी, एवं सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर के एनाटॉमी विभाग के सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों को उनके परिजनों के समर्थन के लिए आभार जताया। इस मौक पर संस्था के संजय सिंह बैद (प्रेसिडेंट),गुंजन छाजेड़ (सेक्रेटरी), सुमंत जैन (का. स.) ने कहा कि प्रेम दत्त माथुर की महान भावना से प्रेरित होकर अन्य लोग भी उनके नक्शेकदम पर चलें।

### वरिष्ठ पत्रकार बाल मुकुंद ओझा सहित नौ पत्रकार सम्मानित

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, लोकमत मीडिया समूह के एडिटोरियल बोर्ड के चेयरमैन और पूर्व सांसद डॉ विजय दर्डा तथा एडिटर इन चीफ राजेंद्र दर्डा ने बुधवार को यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में वरिष्ठ लेखक, स्तम्भकार और स्वतंत्र पत्रकार बाल मुकुंद ओझा को स्वतंत्रता सेनानी जवाहर लाल दर्डा स्मृति लोकमत पत्रकारिता पुरस्कार 2016 - 2017 से सम्मानित किया। ओझा को ''बाबाओं ने किया देश का बेडा गर्क'' शीर्षक से प्रकाशित आलेख के लिए पुरस्कृत किया गया। बाल मुकुंद ओझा पिछले 55 से भी अधिक वर्षों से पत्रकारिता, साहित्य और जनसम्पर्क के क्षेत्र में सक्रिय है तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में संयुक्त निदेशक के पद से 2013 में सेवानिवृति के बाद दैनंदिन देशभर के समाचार पत्रों से स्तम्भकार के रूप में जुड़े है।समारोह में पत्रकार सर्वश्री हरिओम शर्मा, मनीष गोधा, विमल भाटिया, सुरेश व्यास, देवकुमार सिंगोदिया, ललित तिवारी, अवधेश सिंह आकोदिया और मेघा जैन को क्रमशः 2017-2018 से 2023-2024 के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी पुरस्कार विजेताओं को 11 हजार की सम्मान राशि, सम्मान पत्र एवं ट्राफी प्रदान की गई। समारोह के दौरान वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चंद्र छाबड़ा को जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार के जूरी वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा, पिंकसिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ वीरेंदर सिंह राठौड़ और आनंद चौधरी को भी सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार और लेखक विजय विद्रोही थे।